आकाशवाणी केन्द्र शिमला
04.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार शिक्षा नीति में बहुत बड़े बदलाव लाने जा रही है। इसी प्रक्रिया में सी.बी.एस.ई. के अधीन लाए जा रहे सरकारी स्कूलों के लिए अंग्रेज़ी और गणित विषय के स्पेशल इंस्ट्रक्टर नियुक्त किए जाएंगे जिनकी भर्ती जल्द शुरू होगी। हमीरपुर ज़िले में नादौन विधानसभा क्षेत्र के अमलेहड़ में आज एक जनसभा में उन्होंने कहा कि अमलेहड़ स्कूल को भी सी.बी.एस.ई. का दर्जा दिया गया है और क्षेत्र में राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल का निर्माण भी तेज़ी से करवाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेश का एक समान विकास सुनिश्चित कर रही है।

अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि सरकार करूणामूलक आधार पर रोज़गार देने के लिए प्रमुखता से कार्य कर रही है। इसी कड़ी में जलशक्ति विभाग में करूणामूलक आधार पर 4 सौ 19 नियुक्तियां दी गई हैं। उन्होंने आज शिमला में बताया कि राज्य की सेवा करने वालों के आश्रितों को सम्मानजनक आजीविका के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। अग्निहोत्री ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने करूणामूलक नियुक्तियों के मामलों को लंबित रखा जबकि वर्तमान सरकार ने इनके वर्षों के इंतज़ार को समाप्त कर रोज़गार प्रदान किया है।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि मोदी सरकार की प्रभावी नीतियों से भारत का बैंकिंग सैक्टर सुदृढ़ हुआ है। एक बयान में उन्होंने कहा कि बैंकों की बैलेंस शीट में बड़े सुधार हुए हैं और बैड लोन दशकों के निचले स्तर पर पहुंच गया है जो देश की मज़बूत होती अर्थव्यवस्था का संकेत है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि ये केन्द्र की प्रभावी आर्थिक नीतियों का ही परिणाम है कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अगले अढ़ाई से तीन वर्षों के दौरान भारत जर्मनी को भी पीछे छोड़ कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा।

शोक–आश्वासन

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार उत्पीड़न और अन्याय के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। धर्मशाला के राजकीय महाविद्यालय की एक छात्रा की दुखद मौत पर शोक जताते हुए उन्होंने कहा कि सरकार दुख की इस घड़ी में परिवार के साथ है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कल देर शाम खेल व युवा सेवाएं मंत्री यादविन्द्र गोमा ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर मुख्यमंत्री की परिजनों से फोन पर बात करवाई। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस मामले में एक एसोसिएट प्रोफैसर और तीन छात्राओं के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज की जा चुकी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की जांच पूरी गंभीरता और तय समय में पूरी की जाएगी।

<u>एमएसएमई फेस्ट</u>

प्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर हिमाचल के लक्ष्य को साकार करने के लिए शिमला में एम.एस.एम.ई. फेस्ट का आयोजन किया गया है। फेस्ट के दूसरे दिन आज महिला उद्यमियों के लिए विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस बीच उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने ई–कॉमर्स कंपनियों के साथ बातचीत के दौरान स्थानीय उत्पादों की मार्केटिंग व बिक्री को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकार छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने और घाटे में चल रहे उद्योगों को पुनर्जीवित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है ताकि हर वर्ग को आगे बढ़ने के अवसर मिल सकें।